दिनांक : 22.12.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के टॉक शो में कहा कि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें।
- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज रीवा-इंदौर विमान सेवा का करेंगे शुभारंभ।
- उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आज भोपाल में विशेषज्ञों के साथ आगामी बजट 2026-27 पर संवाद करेंगे।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है, ग्वालियर समेत कई जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी।

मुख्यमंत्री-लिट चौक टॉक शो, इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर में आयोजित लिट चौक टॉक शो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को आज़ादी दिलाने में युवाओं ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आज भी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया और कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास इसी दिशा में किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने संयुक्त परिवार, मित्रता, संस्कृति, राजनीति और सिनेमा नीति पर भी खुलकर विचार रखे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को फिल्म निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विकसित भारत-जी राम जी विधेयक- राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन-ग्रामीण विकसित भारत- जी राम जी विधेयक, 2025 को मंज़ूरी दे दी है। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया था और ब्यौरा हमारे संवाददाता से-...

यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, इसमें परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक हैं उन्हें मजदूरी दी जाएगी। इस योजना में केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे का अनुपात अधिकांश राज्यों के लिए साठ और चालीस प्रतिशत होगा। जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 होगा। इस योजना के अंतर्गत यदि किसी को समय पर काम नहीं दिया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। यदि इसके अलावा मजदूरी में देरी होती है तो अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक मनरेगा संवर्धित रूप है, जो विकास और गरीबों के हित में है।

विकसित भारत जी राम जी योजना मनरेगा के आगे का कदम है। मजदूर भाइयों 100 दिन की नहीं अब एक सौ 25 दिन काम की गारंटी है और काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया है। मजदूरी अगर देर से मिली तो अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 का स्थान लेगा और एक आधुनिक कानूनी ढांचा प्रदान करेगा जो आजीविका सुरक्षा को मजबूत करेगा, तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगा। अमन यादव के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

विकसित भारत जी राम जी- केंद्रीय कृषि मंत्री
केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल सीहोर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जी राम जी का मुख्य उद्देश्य मनरेगा की पुरानी व्यवस्था को और सशक्त करना है। उन्होंने बताया कि जहां पहले सिर्फ 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, अब इसे बढ़ाकर 125 दिन किया गया है।

रीवा-इंदौर विमान सेवा

रीवा जिले को आज एक बड़ी हवाई सौगात मिलने जा रही है। आज से रीवा-इंदौर विमान सेवा की शुरुआत की जाएगी। इस सेवा का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में होगा। इंडिगो एयरलाइंस का एटीआर-72 विमान इस रूट पर नियमित उड़ान भरेगा, जिससे विन्ध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी।

'शून्य से शतक' कार्यक्रम-उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, की मौजूदगी में कल ,इंदौर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर 'शून्य से शतक' स्मरणोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी आधुनिक भारत के विकास की आधारशिला थे और उनका जीवन सुशासन, संवाद और समावेशी विकास का प्रेरक उदाहरण है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी राष्ट्रनीति के शिखर पुरुष, राजनीति के अजातशत्रु और भारतीय लोकतंत्र की मर्यादा थे, जिन्होंने देश को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया। इस अवसर पर चार प्रतिष्ठित विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से सम्मानित किया गया और अटल जी के विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आज बजट पर संवाद

प्रदेश में ,आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की तैयारी को लेकर आज बजट पर संवाद आयोजित किया जाएगा। भोपाल में होने वाले इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। संवाद के माध्यम से बैंकिंग, कृषि, उद्योग, जनजातीय कल्याण, जेंडर बजट और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों से सुझाव लेकर बजट को गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति के हित में अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

अच्छी खबर-मंदसौर

प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्यम उन्नयन योजना के तहत मंदसौर जिले के किसान ओमप्रकाश धाकड़ ने कच्ची घानी से तेल निर्माण और फसलों की ग्रेडिंग लगाई और न केवल खुद आत्मनिर्भर बने, बल्कि पांच अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं, और अधिक जानकारी दे रहें हैं हमारे संवाददाता....

वीओ 1- मंदसौर जिले के धमनार गांव के प्रगतिशील किसान ओमप्रकाश धाकड़ ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्यम उन्नयन योजना के माध्यम से अपने घर पर कच्ची घानी से तेल निर्माण और फसलों की ग्रेडिंग यूनिट स्थापित की है। युवा उदद्मी बने ओमप्रकाश धाकड़ ने बताया कि....

वीओ 2- वहीं उद्यानिकी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के. एल. सोलंकी ने बताया कि..

वीओ 3- ये दिखता है की सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र का युवा भी रोजगार सृजन एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मंदसौर से में दीपक शर्मा

सांसद खेल महोत्सव-धार

धार जिले में एक माह से अधिक समय तक चले धार-महू सांसद खेल महोत्सव का कल शाम समापन हुआ। समापन समारोह रोटरी क्लब मैदान में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। श्रीमति ठाकुर ने इस दौरान खिलाडियों को संबोधित भी किया

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में शहडोल और सिवनी जिलों में शीतलहर से जनजीवन प्रभावित रहा, जबकि नरसिंहपुर और ग्वालियर में कोल्ड डे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए ग्वालियर जिले में घने कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं दतिया, भिंड, सिंगरौली, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी सहित कई जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित होने की आशंका जताई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता और उपचार को लेकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कल कार्यशाला आयोजित की गई।
- जबलपुर में आज किसानों से उपार्जन से जुड़े विषयों पर कलेक्टर सीधा संवाद करेंगे। वहीं आज शाम धान उपार्जन की व्यवस्था पर फेसबुक लाइव का कार्यक्रम भी होगा।
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत पन्ना जिले के 250 तीर्थ यात्री आज से 28 दिसम्बर तक रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा करेंगे। खजुराहो रेल्वे स्टेशन से ट्रेन सुबह 10 बजे रवाना होगी।
- अशोकनगर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल कोष के तहत "केयर एंड एज्युकेशन" नाम से नई श्रेणी प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत आतंकवादी हिंसा, वामपंथी उग्रवाद या सीमापार गोलीबारी से निराश्रित हुए बच्चों को देखभाल और पढाई के लिए आर्थिक सहायता दी जायेगी।
- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर में सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडरपास का लोकार्पण किया। श्री सिलावट ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए कई स्टेशनों का उन्नयन होगा।
- अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर आगरमालवा स्थित नेहरू महाविद्यालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विद्यार्थियों को ध्यान का अभ्यास कराया गया।
- वही खंडवा में भी इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस जवानों को तनावमुक्त रखने और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने की जानकारी दी गई।
- बड़वानी जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिले में इन दिनों न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

-------

———